प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराया। यह ध्वजारोहण मंदिर निर्माण के पूर्ण होने और सांस्कृतिक उत्सव तथा राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह धर्म ध्वज सत्यमेव जयते का प्रतीक है।

****

भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जामताड़ा के गांधी स्टेडियम में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विविध घटनाओं पर आधारित कार्यक्रम के साथ–साथ यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।

सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में नवाजे गए राज सिन्हा के नेतृत्व में इस मार्च का आयोजन किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

****

झारखंड सरकार के गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने ई–साक्ष्य मैनेजमेंट रूल्स 2025 को लागू कर दिया है। इसके लागू हो जाने से अब डिजिटल सबूत भी मान्य होंगे। इसके अनुसार घटनास्थल का वीडियो और फोटो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य होगा। बता दें कि ई–साक्ष्य एक डिजिटल साक्ष्य है जिसे मोबाइल एप से रिकॉर्ड किया जाता है। इसमें घटनास्थल का वीडियो, तस्वीरें, गवाहों की फोटो आदि शामिल होती हैं।

****

रांची के बाजपुर के किसान चारु उरांव कुछ साल पहले तक पुरानी पारम्परिक विधि से लगभग पांच एकड़ भूमि पर मौसमी सब्जियों की खेती करते थे। जब से चारू ने किसान क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल शुरू किया है तब से इनकी पूंजी की चिंता दूर हो गई है। औन जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

पाकुड़ जिले की पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा किया है तीन चोरों को गिरफ्तारी के साथ ही एक दर्जन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नगर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना के बाद एसआईटी गठित की गयी थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चोर गिरोह के सदस्य रमजान के खिलाफ पाकुड़ के अलावे पश्चिम बंगाल में भी एफआईआर दर्ज ळें

****

राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को होनेवाले वनडे मैच को लेकर आज सुबह से काउंटर से टिकटों की बिक्री हो रही है। इस मैच को लेकर दर्शकों में उत्साह है। एक व्यक्ति को अधिकतम दो टिकट दिये जा रहे हैं। टिकटों की बिक्री सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक चल रही है।

इधर आपदा प्रबंधन विभाग के अनुरोध पर किसी भी अराजकता या भगदड़ की स्थिति में स्टेडियम से भीड़ के आपातकालीन निकासी की योजना जेएससीए की ओर से तैयार कर ली गई है।

*********समाप्त**********